# कार पलटी, एक युवक की मौत, 8 घायल

## मैहर से लौटते समय हादसा, चालक को नींद आने की आशंका



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** नरसिंहपुर जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में मैहर से लौट रहे एक परिवार के युवक की मौत हो गई। दुर्घटना में दो बच्चों सहित 8 लोग घायल हैं। हादसा स्टेशनगंज थाना क्षेत्र में नरसिंहपुर-जबलपुर मार्ग पर बहोरीपार और पुराने टोल नाके के पास हुआ।

जानकारी के अनुसार, छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव निवासी रोहित मालवीय (35 वर्ष) अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ मैहर में मां शारदा के दर्शन कर लौट रहे थे। उनकी चार माह पुरानी बोलेरो कार बहोरीपार के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। आशंका जताई जा रही है कि चालक को नींद का झोंका आने के कारण यह हादसा हुआ।

**लोगों ने पहुंचाया अस्पताल**-दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे एक अन्य कार चालक ने तत्काल मदद की और रोहित और एक अन्य घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया।

अस्पताल में डॉक्टर ने रोहित मालवीय को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और बाकी घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

**ये हुए घायल**-घायलों में कार चालक राजा राय (30), देवेंद्र साकुले (29), पलक साकुले (25), खुशबू मालवीय (30), श्यामाबाई मालवीय (80), सोमवती मालवीय (50) शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दो बच्चे अथर्व (7) और चीनी (2) भी घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। अस्पताल चौकी पुलिस ने मृतक रोहित के शव का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग डायरी आगे की जांच के लिए स्टेशनगंज थाना भेज दी है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

# वायरल वीडियो में धमकी और अभद्रता करने वालों पर पुलिस का शिकंजा

## दो आरोपी जेल भेजे गए

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ व्यक्ति एक घर पर पहुंचकर वहां मौजूद व्यक्ति के साथ गाली-गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए दिखाई दे रहे हैं। उक्त वीडियो पर पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर डॉ. ऋषिकेश मीना ने तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर उनके विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्यवाही किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वायरल वीडियो की तस्दीक की गई। जांच में पाया गया कि उक्त वीडियो दिनांक 02.08.2026 को रात्रि लगभग 10 बजे का है, जो थाना चीचली क्षेत्रांतर्गत ग्राम ढाना (बारहबड़ा) निवासी प्रार्थी विजय पिता अशोक साहू, उम्र 42 वर्ष के घर पर घटित घटना से संबंधित है।

जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी ललित उर्फ गोलू मिर्धा, शिवम साहू, हरिओम साहू, ललित साहू एवं चन्द्रमोहन साहू, सभी निवासी ग्राम ढाना (बारहबड़ा), प्रार्थी के घर पहुंचे तथा उसके साथ गाली-गलौज, अभद्र व्यवहार एवं धमकी की घटना कारित की। आरोपियों की पहचान एवं तस्दीक होने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुए उनके विरुद्ध थाना चीचली में धारा 296(बी), 115(2), 351(3), 232(2) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# भारत विकास परिषद का गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में भारत विकास परिषद द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन समारोह दिनांक 6 अगस्त को आयोजित किया गया। जिसमें भारत विकास परिषद राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी जे के शर्मा , अध्यक्ष उमेश दुबे, सचिव विकास नेमा, रीजनल महिला सहभागिता प्रमुख श्रीमती भारती कौरव, प्रांत संस्कार प्रमुख आशुतोष वर्मा, आशीष तुलसी नेमा, तुलसीराम जाट, शिशिर पुरोहित, सोमनाथ कोरी ,श्रीमती सुनीता शर्मा, श्रीमती सविता अग्रवाल, सुश्री स्मृता श्रीवास ,संस्था प्राचार्य हरि ओम शरण कोरी की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन सरस्वती ,ओम, भारत माता पूजन अर्चन पश्चात भारत विकास परिषद इकाई द्वारा कक्षा आठवीं एवं दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मान्यता पटेल, आभा गोस्वामी, अंबिका यादव, कौशलेश ठाकुर, आयुषी विश्वकर्मा प्रमेश कच्छावा का सम्मान मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। इसी श्रृंखला में संस्था प्राचार्य श्री कोरी, मार्गदर्शन देने वाले आचार्य नरेंद्र सिंह राजपूत, खगेश स्वामी ,श्रीमती ज्योति जोशी, श्रीमती श्रीमती सोमजया मिश्रा, सुनील दुबे आचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदान कर परिषद पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। राष्ट्रीय पर्यावरण प्रभारी श्री शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए पॉलीथिन मुक्त विद्यालय संकल्पना को रखते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## सार-समाचार

### 9 अगस्त को नरसिंहपुर में मनाया जाएगा 'विश्व आदिवासी दिवस'

**गोटेगांव, देशबन्धु।** 9 अगस्त को 'विश्व आदिवासी दिवस' के पावन अवसर पर सर्व आदिवासी समाज, जिला नरसिंहपुर के तत्वावधान में एक भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी समाज की एकता, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं एवं गौरव को अक्षुण्ण बनाए रखना और उसे और अधिक मजबूत करना है। इस विशेष अवसर पर सर्व आदिवासी समाज ने जिले भर के समस्त सगा समाज की माताओं, बहनों, युवाओं तथा प्रबुद्ध समाजबंधुओं से बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराने का पुरजोर आह्वान किया है। आयोजकों ने कहा है कि समाज की एकजुटता और सहभागिता ही इस उत्सव की असली शक्ति है।

**गल्ला मंडी प्रांगण में जुटेगा पूरा समाज** - कार्यक्रम का आयोजन जिला नरसिंहपुर स्थित गल्ला मंडी प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए सर्व आदिवासी समाज ने सभी सामाजिक बंधुओं से तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की है ताकि इस दिन को एक यादगार और ऐतिहासिक पर्व के रूप में मनाया जा सके। सर्व आदिवासी समाज, जिला नरसिंहपुर ने सभी से समय पर पहुंचकर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक गौरव का उत्सव मनाने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### जिला स्तरीय शालेय तैराकी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दमखम

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, नरसिंहपुर के वार्षिक खेल कैलेंडर सत्र 2026-27 के तहत जिला स्तरीय शालेय तैराकी, डाइविंग एवं वाटर पोलो प्रतियोगिता का आयोजन अशासकीय काबरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल, गाडरवारा में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तैराकी की विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर कटनी में आयोजित होने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता में साईंखेड़ा के सांदीपनी स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। आयोजन में प्राचार्य डॉ. संपा दास, ब्लॉक खेल प्रभारी सत्यप्रकाश ढिमोले, डॉ. अजिता वर्मा, मधुसूदन पटैल, अजय सोनी, सीमा कुशवाहा, ज्योति धानक, आदित्य द्विवेदी, यूनिश हुसैन, तरुण भास्कर एवं देवेंद्र रजक सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा के मार्गदर्शन तथा जिला खेल अधिकारी अनुज जैन के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### डीपीसी ने सांदीपनी स्कूल का किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से किया संवाद

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) प्रदीप कुमार द्विवेदी ने साईंखेड़ा स्थित सांदीपनी स्कूल का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने कक्षा पांच में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उनकी पढ़ाई तथा विषयगत समझ का आकलन किया।निरीक्षण के दौरान विद्यार्थी हिंदी विषय का अध्ययन कर रहे थे। डीपीसी श्री द्विवेदी ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों में विषय की गहन समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे केवल पाठ याद करने के बजाय उसे व्यवहारिक रूप से भी समझ सकें। उन्होंने निकट भविष्य में पुन: विद्यालय का निरीक्षण करने की बात भी कही। इस अवसर पर एपीसी मनीष चौकसे, समीर त्यागी, बीआरसी संदीप स्थापक, डी.के. पटैल, विद्यालय प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा, शिक्षक दुर्गेश शुक्ला, प्रियंका अग्रवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय शालेय हैंडबॉल स्पर्धा आयोजित जिला टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्कूल शिक्षा विभाग के सत्र 2026-27 के खेल कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बीटीआई) में किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। ब्लॉक खेल प्रभारी सत्यप्रकाश ढिमोले के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में पुष्पा बरहैया, राजेश दुबे, पीटीआई विक्रम शर्मा, मुकेश पटैल, मनीष कोष्टी, आरिज खान, शकुंतला मांझी एवं रोहित वाल्मीक सहित अन्य शिक्षकों एवं खेल अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पलोटनगंज-रेलवे स्टेशन मार्ग पर कबाड़ वाहनों का कब्जा, हादसे को दे रहा न्योता



**गरीबों पर कार्रवाई, लेकिन वर्षों से खड़े भारी वाहन प्रशासन की नजर से दूर**

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर के पलोटनगंज से रेलवे स्टेशन जाने वाले प्रमुख मार्ग पर लंबे समय से खराब रोड रोलर, जेसीबी और अन्य भारी वाहन सड़क किनारे खड़े हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग शहर के व्यस्त मार्गों में शामिल है, जहां दिनभर दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ पैदल राहगीरों का भी आवागमन रहता है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इन भारी वाहनों को हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर में गरीबों द्वारा किए गए छोटे-छोटे अतिक्रमणों पर प्रशासन तत्काल बुलडोजर चलाकर कार्रवाई करता है, लेकिन वर्षों से सड़क किनारे खड़े इन भारी और अनुपयोगी वाहनों की ओर किसी का ध्यान नहीं है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे खड़े रोड रोलर और जेसीबी के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे रात के समय या बारिश में दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। राहगीरों का कहना है कि यदि कोई बाइक सवार या अन्य वाहन चालक संतुलन खो दे तो इन लोहे के भारी वाहनों से टकराकर गंभीर हादसा हो सकता है। विशेष रूप से महिलाओं, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद जोखिमपूर्ण बनी हुई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क किनारे खड़े खराब एवं लावारिस भारी वाहनों को तत्काल हटाया जाए, ताकि मार्ग सुरक्षित हो सके। नागरिकों ने सवाल उठाया कि क्या प्रशासन किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा, या समय रहते इस खतरे को समाप्त करने के लिए कार्रवाई करेगा?

## नगरपालिका का सख्त अभियान

# पॉलीथिन बेचने, गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई पांच दुकानों से वसूला 5,500 रुपए जुर्माना

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** शहर को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से नरसिंहपुर नगरपालिका ने सिंगल यूज पॉलीथिन के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नगरपालिका की टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर पांच स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 5,500 रुपये का जुर्माना वसूला। अभियान के दौरान सिंगल यूज पॉलीथिन का विक्रय करने और दुकानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों पर जुर्माना लगाया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजेंद्र सिंह के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में आरआई राजेश पटेल, चंद्रकांत श्रीवास, सुधीर तिवारी, सुनील चौधरी, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सुमित पटेल, अजय खत्री, राजेश चौधरी सहित नगरपालिका का अमला मौजूद रहा।



**सीएमओ ने दी चेतावनी** - मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजेंद्र सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन और अन्य प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने विशेष रूप से रेहड़ी, हाथ ठेला, फल, फूल और भुट्टा विक्रेताओं सहित सभी दुकानदारों से कहा कि वे अपना कचरा नगरपालिका के कचरा वाहन में डालें या निर्धारित डंप स्थल तक पहुंचाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रतिदिन जुर्माना लगाया जाएगा और जुर्माने की राशि क्रमशः बढ़ाई जाएगी।

# पूर्व राज्यमंत्री ने विधायक निवास पर की जनसुनवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र के पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल द्वारा प्रत्येक गुरुवार को विधायक निवास पर आयोजित जनसुनवाई में इस सप्ताह 297 आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें श्री पटेल के समक्ष रखीं। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। जनसुनवाई आमजन और जनप्रतिनिधि के बीच प्रभावी संवाद का सशक्त माध्यम बनती जा रही है।



**जनसुनवाई में 297 आवेदनों पर सुनवाई कई समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान**

ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर यहां पहुंचते हैं। त्वरित कार्रवाई और सकारात्मक पहल से लोगों में जनसुनवाई के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है। जालम सिंह पटेल ने कहा कि जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस सप्ताह आयोजित जनसुनवाई में कुल 297 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के निराकरण का यह क्रम लगातार जारी है।

# 4.50 लाख के चेक बाउंस मामले में दोषी करार, छह माह की सजा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, गाडरवारा ने चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को दोषी ठहराते हुए छह माह के साधारण कारावास एवं परिवादी को 5.92 लाख रुपये प्रतिकर देने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह निर्णय 4 अगस्त 2026 को सुनाया। न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण के अनुसार परिवादी शुभम दुबे ने आरोपी राजेश पटेल के विरुद्ध परिवाद दायर किया था। आरोप था कि आरोपी ने 4 लाख 50 हजार रुपये का चेक जारी किया, लेकिन बैंक में प्रस्तुत करने पर वह 'फंड्स इंसफिशिएंट' (पर्याप्त राशि नहीं होने) के कारण अनादरित हो गया। इसके बाद विधि अनुसार नोटिस भेजा गया, लेकिन निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं दस्तावेजों के आधार पर आरोपी को परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत दोषी माना। न्यायालय ने आरोपी को छह माह के साधारण कारावास की सजा सुनाते हुए परिवादी को मूल चेक राशि 4.50 लाख रुपये तथा ब्याज सहित कुल 5 लाख 92 हजार 875 रुपये प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश दिया है। यदि प्रतिकर राशि जमा नहीं की जाती है तो आरोपी को अतिरिक्त छह माह का साधारण कारावास भुगतना होगा।

# राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ी करेंगे प्रतिनिधित्व

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली 26वीं सब जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन 7 से 9 अगस्त 2026 तक भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (इंदौर) में किया जाएगा। नरसिंहपुर बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनंत कुमार दुबे एवं सचिव नीलेश सिंह नारोलिया के मार्गदर्शन में जिले की टीम प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी।

इस प्रतियोगिता में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर एवं समस्त जिले से कुल 20 खिलाड़ी नरसिंहपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि यह खेल अब उच्च शिक्षा मे भी शामिल किया जा चुका है पिछले साल से जिसमें महाविद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता का खिताब हासिल किया था तब से निरंतर महाविद्यालय में इस खेल का अभ्यास जारी है जिले की टीम इस प्रकार है महिला वर्ग में महाविद्यालय से 5 खिलाड़ी मानसी मेहरा, कंचन लडिया, नेहा वंशकार, गरिमा तिवारी, रमा भरिया, और जिले के अन्य जगह से दिव्या ठाकुर,साक्षी यादव, निशा परमार, प्रगति तिवारी एवं काजल वर्मा तथा पुरुष वर्ग में महाविद्यालय से 4 खिलाड़ी साहिल मंसूरी, संदीप भारद्वाज, मो हाफिज,मनीष अहिरवार, और अन्य जगह से विक्रम रघुवंशी,अंश दीक्षित, कुनाल चौहतेल, बादल विश्वकर्मा, अनिकेत साहू, संजय यादव एवं कार्तिक वंशकार जिले की ओर से अपनी चुनौती पेश करेंगे। वहीं अक्षय जाट और प्रगति तिवारी टीम मैनेजर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

प्रतियोगिता उपरांत सीनियर नेशनल के लिए मध्य प्रदेश टीम का चयन किया जाएगा जो की तिरुपति में सितंबर माह में आयोजित होने जा रहा है। खिलाड़ियों के चयन से महाविद्यालय एवं जिले के खेल जगत में उत्साह का माहौल है। नरसिंहपुर बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अनंत कुमार दुबे एवं सचिव नीलेश सिंह नारोलिया ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह एवं खेल प्रेमियों का मानना है कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को राज्य स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर होगी।

# 9 से 17 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा अभियान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वर्ष 2022 से प्रारंभ हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान की श्रृंखला में इस वर्ष भी जिले में 9 अगस्त से 17 अगस्त 2026 तक व्यापक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्यालय, तहसील एवं जनपद स्तर पर अनेक गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जारी निर्देशों के परिपालन में अभियान के दौरान तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र, युवा, जनप्रतिनिधि, सशस्त्र बलों के जवान एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य भाग लेंगे। रैली की शुरुआत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से होगी तथा प्रतिभागी भारतीय ध्वज संहिता के अनुरूप राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति का संदेश देंगे। आयोजन के दौरान सुरक्षा, अनुशासन एवं तिरंगे के सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाएगा।


## मार्केट वॉच गाडरवारा

**क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221**

